an>

Title: Need to restart shuttle train between Itarsi and Jabalpur in Madhya Pradesh.

श्री उदय प्रताप सिंह (होशंगाबाद) : महोदया, आपने मुझे रेल मंत्रालय की मांगों जैसे महत्वपूर्ण विषय पर अपनी बात रखने का मौका दिया है, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं। मैंने अनेक बार रेलवे बोर्ड और माननीय मंत्री जी को अपने संसदीय क्षेत्र होशंगाबाद नरसिंहपुर में रेलों के स्टोपेज के लिए मांग की है। मुझे खेदपूर्वक कहना पड़ रहा है कि मंत्रालय द्वारा आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है, बल्कि मेरे क्षेत्र में आम आदमी, गरीबों और विद्यार्थियों के लिए जबलपुर से इटारसी चलने वाली शटल ट्रेन को सुधार के नाम पर कई महीनों से बंद कर दिया गया है। मेरा आपके माध्यम से अनुरोध है कि वह गरीबों की शटल पैसेंजर ट्रेन तुरंत चालू की जाए, जिससे कि आम आदमी को लाभ हो।

महोदया, इसके अलावा वनखेड़ी स्टेशन पर जबलपुर-अमरावती एक्सप्रेस 12159, 12160 और सौहागपुर में नई दिल्ली-जबलपुर श्रीधाम एक्सप्रेस, होशंगाबाद में भगत की कोठी एक्सप्रेस और करेली में इंदौर-जबलपुर ओवरनाइट एक्सप्रेस स्टापेज हो। इससे विद्यार्थियों और स्थानीय जनता को सुविधा मिलेगी। हिंदुस्तान में मेरा ऐसा संसदीय क्षेत्र है, जहां सर्वाधिक लम्बा रेलवे ट्रैक है। इसमें 17 रेलवे स्टेशन आते हैं और वहां इन स्टापेज की, खास कर वनखेड़ी में जबलपुर-अमरावती ट्रेन को रोका जाए। इसके लिए लोग बहुत लम्बे समय से मांग कर रहे हैं। लोग पहले दुखी थे, लेकिन अब क्रोध में हैं। मेरा अनुरोध है कि लोगों की मदद हो।

माननीय अध्यक्ष : ज्यादा क्रोध में मत आइए।

श्री उदय प्रताप सिंह : महोदया, सरकार का जो मूल मंत्र है, हमारे माननीय प्रधान मंत्री जी की जो इच्छा है, उसकी पूर्ति हो। हर व्यक्ति को रेल मंत्रालय की ट्रेनों की सुविधाओं का लाभ मिले, रेल मंत्रालय से इसकी अपेक्षा मैं आपके माध्यम से करता हूं।

माननीय अध्यक्ष :

श्री आलोक संजर,

कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल,

श्री भैरों प्रसाद मिश्र और

*m05 श्री रोडमल नागर को श्री उदय प्रताप सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।